डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2021- 23
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे
# गुरु एक्सप्रेस
सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल
वर्ष 18 | अंक 51 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | गुरुवार 30 नवम्बर 2023 | मूल्य 2 रुपया

## मुल्तानपुरा पुलिस ने पकड़े पिकअप से गौवंश

**मंदसौर, 29 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** यशोधर्मन नगर थाने की मुल्तानपुरा चौकी पुलिस ने बायपास स्थित मुल्तानपुरा फंटे पर एक पिकअप को रोका। उसकी तलाशी ली तो उपर कैरेट जमे हुए थे। जबकि, अंदर ठूंस-ठूंस कर 9 गौवंश भरे गए थे। पुलिस ने जब तलाशी अभियान शुरु किया तो मौका देखकर पिकअप चालक राजा पिता रहीम कोड़ा निवासी मुल्तानपुरा व पिकअप मालिक हैदर पिता आमिन कन्ना निवासी मुल्तानपुरा भाग निकले। मामले में पुलिस ने दोनो फरार आरोपियो के विरूद्ध 4,6,9 गौवंश प्रतिषेध अधिनियम, 4, 6, 9, 10 मध्यप्रदेश कृषक पशु परीरक्षण अधिनियम व 11 (1) घ पशुओ के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने पिकअप क्रमांक आरजे 23 जी 7031 को जप्त कर पशुओ को गौशाला में छुड़वाया है। जबकि, फरार दोनो आरोपियो को तलाश रही है। बताया गया है कि आरोपी राजस्थान के केकड़ी से अवैध रूप से गौवंश भरकर महाराष्ट्र के धुलिया बुचड़खाने ले जा रहे थे।




### मतदाता था खामोश, मत देकर भी है मौन, हम तेरे साथ हो लिये...

# चल रही चर्चा, आखिर जीतेगा कौन?



### मतदान के बढ़े प्रतिशत में जागरुकता, लाड़ली बहना या फिर बदलाव, पता चलेगा रविवार को

**मंदसौर 29 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले की चारों विधानसभा में मतदान के प्रतिशत में गत विधानसभा चुनाव की अपेक्षा 2 से 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। यह बढ़ा मतदान प्रतिशत का ऊंट किस करवट बैठेगा, कहा नहीं जा सकता है। लेकिन, मतदान का बढ़ा प्रतिशत जागरुकता कहा जा सकता है, या फिर लाड़ली बहना की वोटिंग अथवा बदलाव की बयार भी कही जा सकती है। मापदंड तीनों है, जिसमें मतदाताओं की खामोशी से कोई सकारात्मक रिजल्ट पूरी तरह नहीं निकाल पा रहा है। मतदान के बाद से रोज ही दिन भर मंदसौर, गरोठ, सुवासरा एवं मल्हारगढ़ के साथ ही मनासा, नीमच, जावद और जावरा विधानसभा के चुनावी चटकारों में यही चर्चा चलती है कि आखिर जीतेगा कौन? जिस तरह मतदाताओं ने खामोश रहकर अपनी ''एक दिन ऊंगली'' करने का तरीका दर्शाया है, उस तरह से तो जीत का वास्तविक गणित भी कोई बिठा नहीं पा रहा है। लेकिन, यदि जागरुकता है तो अच्छी बात है, जिससे भाजपा के पक्ष में पॉजिटिव है और वक्त है बदलाव वाला किस्सा गूंजा तो अलटी-पलटी भी संभव है। हां लाड़ली बहना वाला मुद्दा चला तो हो सकता है भाजपा फिर बहुमत हासिल कर ले।

विधानसभा चुनाव में भारी भरकम मतदान होने के साथ ही भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी अब आंकड़ो के गणित में उलझ रहे है। दोनों ही खेमे में प्रत्येक मतदान केंद्र पर अपने पक्ष में डले वोटों की गणना की जा रही है। मतदान पूर्व प्रत्याशियों द्वारा मतदान केंद्रवार उन मोहल्लों में की गई मेहनत को आधार बनाकर हार-जीत का गणित बिठाया जा रहा है। हार-जीत के इस गणित को पोलिंग बूथ पर सक्रिय रहे कार्यकर्ता भी अपने-अपने पक्ष में बता रहे हैं। इस गुणा भाग में कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दल के प्रत्याशियों को लगने लगा है कि वे इस बार चुनाव मैदान के दंगल की बाजी मार जाएंगे।

#### निर्दलीय भी गणित में उलझे...

हार-जीत के आंकड़ों के इस गणित में निर्दलीय प्रत्याशी मल्हारगढ़ से श्यामलाल जोकचंद भी पीछे नहीं है। वे भी गणित लगा रहे हैं कि आखिर हमने हमारा काम किया है, जिसका फल जरूर मिलेगा। इस बार मतदाता पहले से ज्यादा समझदार हो गया है। यही कारण है कि मतदाताओं ने इस बार मतदान करने में समझदारी से काम लिया है। चौराहों पर चर्चा है कि इस बार मतदाताओं के ईरादे अलग दिखाई दिए है। इस कारण मतदाताओं को लुभाने का गणित इस बार सही निशाने पर नहीं बैठता दिख रहा है। प्रत्याशी केवल अपने पक्ष की जगह अपनी पार्टी के पक्ष में कितने वोट गिरे, इसका आकलन कर रहे है। ताकि उन्हें भी समझ में आ जाए कि ऊंट किस करवट बैठ रहा है। हालांकि हार-जीत का ऊंट अभी खड़ा है, जो 03 दिसम्बर रविवार को मतगणना शुरू होने के बाद ही अपनी करवट लेगा।

#### जातिगत गणित से भी आंकड़ों में उतार-चढ़ाव...

पिछले बार के विस चुनाव की अपेक्षा इस बार के चुनाव में जातिगत गणित भी एक पहलू है। जहां प्रत्याशी अपने-अपने जातियों के हिसाब से भी वोट अपने पक्ष में डलने के आंकड़ों में उलझ रहे हैं। वहीं इस गणित में पाटीदार, जैन सहित अन्य समाजो का भी अहम रोल पनपा है। साथ ही ओपीएस की मांग को लेकर निर्णायक लड़ाई लड़ रहे कर्मचारियों का मतदान भी अहम रोल अदा कर सकता है। क्योंकि, कर्मचारियों ने ईवीएम और मतपत्र दोनो से मतदान किया है, जो सत्ता के पक्ष में भी है और साथ ही नाराज भी है।



#### सटोरियों का भी अपना अलग नेटवर्क...

बता दें कि मंजे मंजाए सटोरियो के गणित का निशाना सटीक बैठता है। सटोरियों का भी अपना अलग ही नेटवर्क है। कौन सा प्रत्याशी हारेगा और कौन सा जीतेगा, इसके लिए सटोरियों ने भी पूरी तरह गणित बिठाना शुरू कर दी है। हर पोलिंग बूथ पर हुए मतदान के आंकड़ो के बल पर सटोरिये अपना गणित बिठा रहे है। इस गणित में पिछली बार हुआ मतदान भी जोड़ा जा रहा है। पिछली बार हुए मतदान से मंदसौर, मल्हारगढ़, गरोठ और सुवासरा विधानसभा में दो से तीन प्रतिशत ज्यादा मतदान हुआ है। ऐसे में मतदाताओं ने खामोश होकर सोच समझ कर विधानसभा क्षेत्र के विकास का जिम्मा किस प्रत्याशी को सौंपा है, इसका आकलन करने में तरह-तरह के गणित सामने आ रहे हैं।

#### नव मतदाताओं का रूझान तय करेगा ताजपोशी...

बता दें कि इस बार नवमतदाताओं का रूझान भी भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए विधायकी की ताजपेशी की दिशा तय कर सकता है। मंदसौर जिले के लगभग सभी विधानसभा क्षेत्रो में 9-10 हजार नव मतदाता बढ़े है। यह सभी नव मतदाता प्रत्याशियों के भविष्य और भाग्य की दशा और दिशा भी तय करने की स्थिति में दिख रहे हैं। लेकिन, इनका रुख किस ओर गया है, यह तो 3 दिसंबर को ही पता चल सकेगा।

## शीतलहर का असर....



### दोपहर में भी गर्म कपड़े पहनने को किया मजबूर

#### नौनिहालों के स्कूल टाइम में बदलाव, 9 बजे पहले नहीं लगेंगे स्कूल



**मंदसौर, 29 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** मावठे के बाद अब शीतलहर अपना पूरा असर दिखा रही है। बुधवार का पूरा दिन शीतलहर की चपेट में रहा। दिन भर आसमान में बादल छाये रहे और ठंडी हवाएं चलती रहीं। लोगों को पूरे दिन गर्म कपड़े पहनने को मजबूर होना पड़ा। शीतलहर को देखते हुए नौनिहालों के स्कूल टाइम में भी बदलाव किया गया है। अब नन्हे बच्चों के स्कूल सुबह 9बजे बाद ही लगाए जा सकेंगे।

पिछले दो तीन दिनों से जारी शीतलहर ने बुधवार को पूरे दिन अपना जबर्दस्त असर दिखाया। पूरा दिन आसमान में बादल छाए रहे और बेहद ठण्डी हवाएं चलती रही। इसी का नतीजा था कि घरों से बाहर निकलने वाले लोगों को दिन में भी गर्म कपड़े पहनना पड़े।

मौसम के मिजाज को देखते हुए कलेक्टर दिलीप यादव ने नन्हे बच्चों के स्कूल का टाइम सुबह नौ बजे के बाद रखने का आदेश दिया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि जिले में समस्त शासकीय, अशासकीय, सीबीएसई, आईसीएसई आदि शैक्षणिक संस्थाओं में नर्सरी से लेकर 5 वीं तक की कक्षाएं प्रात: 9.00 बजे से बाद संचालित की जा सकेगी।

## मंडी व्यापारी के मुनीम को बदमाशों ने लूटा

#### घायल मुनीम को बड़े अस्पताल में भर्ती किया, पुलिस जांच में जुटी

**नीमच, 29 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** बघाना थाना क्षेत्र के ग्राम लेवडा मार्ग पर कलेक्शन एकत्रित कर लौट रहे मंडी व्यापारी के मुनीम को बदमाशों ने आंखो ने मिर्ची डालकर लूट लिया। अज्ञात बदमाशों ने पहले चलते वाहन में मुनीम के सिर पर लाठी से वार किया और उसकी आंखों में मिर्ची डालकर रूपयो से भरा बैग लेकर मौके से फरार हो गए। इस वारदात में घायल मुनीम को नीमच के बड़े अस्पताल में उपचार चल रहा है। अज्ञात बदमाशों ने मुनीम के साथ कितने रुपए की लूट को अंजाम दिया है, इसका खुलासा नहीं हो पाया है। क्योंकि, पहले मुनीम के साथ 5 लाख की लूट होना बताया जा रहा था। परंतु बाद में पुलिस के समक्ष बयान के दौरान मुनीम अपने साथ करीब 2 लाख के आसपास की लूट होने की बात कह रहा है। ऐसे में पुलिस भी असमंजस की स्थिति में है। फिलहाल पुलिस ने बड़े अस्पताल में भर्ती मुनीम के बयान लिए हैं। मामले में जांच की जा रही है।



मिली जानकारी के अनुसार जीएम इंटरप्राइजेस फर्म के मुनीम सोनू अहीर जब पेमेंट कलेक्शन करते हुए मंगलवार की शाम लेवड़ा रोड से मंडी लौट रहे थे, तभी उसके पीछे से अज्ञात बदमाशों ने उसके सिर पर वार किया और आँखों में मिर्ची डाल उसका बेग लेकर मौके से फरार हो गए। सोनू के अनुसार बेग में पांच लाख से ज्यादा का कलेक्शन था। जैसे ही ये खबर पुलिस को लगी तो हर तरफ बदमाशों की तलाश शुरू कर दी गई। जबकि, मुनीम सोनू को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस बयान में मुनीम अपने साथ 2 लाख के आसपास की लूट बता रहा है। ऐसे में मामला संदेहास्पद नजर आ रहा है। बहरहाल पुलिस जांच के बाद ही खुलासा हो पायेगा की आखिर इस वारदात को अंजाम देने वाले कौन है ओर मुनीम के साथ कितने की लूट हुई है।

## वीरा राणा बनी प्रदेश की मुख्य सचिव

**भोपाल, 29 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव का प्रभार आज गुरुवार से 1988 बैच की आईएएस अधिकारी वीरा राणा संभालेगी। वे इकबालसिंह बेस का स्थान लेगी। श्रीमती राणा, निर्मला बुच के बाद दूसरी महिला मुख्य सचिव होंगी। बुधवार को हुई मंत्री परिषद की बैठक में यह निर्णय लिया गया है। वीरा राणा वर्तमान में माध्यमिक शिक्षा मंडल की अध्यक्ष और प्रदेश की कृषि आयुक्त का प्रभार संभाल रही है।

#### मामला नाबालिग के साथ कुकर्म का...

## पीड़िता के कथन हुए, आरोपी युवक को आज करेंगे अदालत में पेश

**मंदसौर, 29 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** नई आबादी थाना क्षेत्र के भालोट ग्राम में एक निर्माणाधीन मकान में एक युवक द्वारा नाबालिग बालिका के साथ कुकर्म किया गया था। जिसका वीडियो आरोपी युवक के साथियो ने बना लिया था। बाद में किसी बात को लेकर नाराजगी जताते हुए वीडियो वायरल कर दिया था। मामले में बालिका की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक विजय पिता उदयलाल कुमावत को गिरफ्तार कर लिया था। जिसे गुरुवार को अदालत में पेश किया जाएगा। जबकि, बुधवार को अदालत में पीड़िता के 164 के तहत बयान दर्ज हुए है।

नई आबादी पुलिस के मुताबिक पीड़िता ने मंगलवार को अपने परिजनो के साथ थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बीती 19 नवंबर को विजय पिता उदयलाल कुमावत ने भालोट के ही बालाजी मंदिर के पास निर्माणाधीन मकान में ले जाकर कुकर्म किया था। इस दौरान आरोपी विजय के दोस्त शुभम और जयदीप ने आपत्तिजनक हालत का वीडियो बना लिया। जिसे वायरल भी कर दिया। जब यह मामला आमजन तक पहुंचा तो शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने तीनो आरोपियो के विरूद्ध भादंसं की धारा 376, 354, 292, 509, 506, 34 व पाक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस दोनो फरार आरोपियो को तलाश रही है। इस मामले में नई आबादी थाने के उप निरीक्षक विवेचना अधिकारी श्री महेन्द्र यादव ने कहा कि पीड़िता के 164 के बयान अदालत में दर्ज हो गए है। जबकि, आरोपी युवक को गुरुवार को अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस अन्य फरार आरोपियो को तलाश रही हैं।




## राज्यों में पहले से मौजूद है भाजपा नेताओं में टकराव...

**मंदसौर/उज्जैन, 29 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं के अहम का टकराव अब धीरे-धीरे सामने आ रहा है। जब शीर्ष नेताओं के आपसी पंगे सतह पर आएंगे तो प्याज के छिलकों की तरह परतें भी खुलेगी। देश की जनता आजादी के बाद से ही वर्तमान भाजपा को जनसंघ के जमाने से देखते आ रही है। अनेक त्यागी और सिर्फ अपने मिशन पर ही काम करने वाले प्रचारक भी देखें जो अपना घर बार छोड़ कर दो जोड़ी कपड़े और एक झोला लेकर संघ के उद्देश्य पूर्ति के लिए निकल पड़े थे। जहां जाने का आदेश मिलते रहने को सार्वजनिक ओटला, चबूतरा, धर्मशाला या किसी कार्यकर्ता के घर में जगह और खाना मिल जाए तो खुद को धन्य समझते थे।

यह वृत्तांत इसलिए बताना पड़ा कि अब उसी भाजपा में पावर और संपन्नता की स्पर्धा इतनी गहरी समा गई है की हैसियत का पैमाना बन चुकी है। काम साथ में कर रहे हैंद्ध सरकारों में शामिल हैं। लेकिन, एक दूसरे को निपटाने के लिए अपनों को ही शिकार बना रहे हैं। अपनों से ही अपनों को निपटवा भी रहे हैं। गुजरात की पूर्व मुख्यमंत्री वर्तमान उत्तर प्रदेश की महामहिम आनंदीबेन पटेल भाजपा की कुलीन विधायक छवि वाली महिला नेता की नातिन के दवाई कारखाने पर इनकम टैक्स का छापा पड़ जाए तो क्या समझ जाएगा? सामान्य सा ज्ञान रखने वाला किसी भी दल का कार्यकर्ता यह मानने को तैयार नहीं होगा की इनकम टैक्स अधिकारियों ने किसी मुखबीर की दी गई पुख्ता जानकारी मिलने के कारण शुक्रा फार्मास्यूटिकल जो संस्कृति पटेल की कंपनी है, पर छापा मारा है।



चन्द्रमोहन भगत

जिन अधिकारियों की भाजपा के मामूली विधायक पर हाथ डालने की हिम्मत नहीं होती है, वे गुजरात की पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश की राज्यपाल की नातिन के संस्थान पर छापा मारेंगे ? स्पष्ट है कि यह भाजपा की अंदरूनी पावर और संपन्नता की लड़ाई है। जिसमें कोई आनंदी बेन पटेल की राजनैतिक और प्रशासनिक हैसियत कम करना चाहता है या अपनी हैसियत बढ़ाकर दिखाना चाहता है। वह भी तब जब भाजपा के महामानव नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय मुखिया का रोल निभा रहे हैं। जाहिर है आपस की यह प्रतिस्पर्धा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी की नींव में पड़ी दरार को उजागर कर गई है। अभी इस छापेमारी की घटना की प्रतिक्रिया आना बाकी है। जैसे ये सतही कारवाई थी, वैसे ही प्रतिक्रिया भी सार्वजनिक होगी ही।

इसी स्तर की सांगठनिक कमजोरी को उजागर करने वाला दूसरा मामला भी पावर और संपन्नता से जुड़ा केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर का है। बीते एक पखवाड़े से यूट्यूब के समाचार चैनलों और व्हाट्सएप की दुनिया में चल रहा है कि तोमर परिवार ने मंत्री पद का दुरुपयोग करते हुए 10 हजार करोड़ रुपए कनाडा में गांजा भांग की खेती करने में इन्वेस्ट किए हैं। ऐसा बताने वाला जगमनदीप सिंह खुद उनका पारिवारिक मित्र रहा है, तोमर के बेटों, बहुओं को अच्छे से जानता है। जो मामला इसने उजागर किया है उसका समय विधानसभा चुनाव ही क्यों चुना गया? जबकि खुद कह रहा है कि लोकसभा चुनाव के समय उजागर करना था। जगमनदीप सिंह के इस वाक्य से यह माना जा सकता है की कोई इनका अपना पारिवारिक राजनीतिक प्रतिस्पर्धी या साथी ऐन वक्त पर तोमर को निपटाना चाहता था! एक यु ट्यूबर ने उजागर भी किया कि उन्हें नरेंद्र तोमर के करीबी ने बताया कि भाई साहब यह तो किसी घर के भेदी ने उजागर किया है, विपक्षियों में इतनी क्षमता कहां बची है। खैर कोई अपना करीबी कहे ना कहे पूरा घटनाक्रम भी ये ही दर्शाता है कि नरेंद्र तोमर को मुख्यमंत्री की दावेदारी से दूर खदेड़ना था तो कोई ना कोई पुख्ता गवाह वाला ब्रह्मास्त्र छोड़ना पड़ेगा सो छोड़ दिया गया।

यह भी सहज अंदाज लगाया जा सकता है कि ऐसा विभीषण कौन हो सकता है जो उनकी कनाडा वाली डील को नाभि से निकाल कर लोकमत से सत्ता पाने के राजनीतिक युद्ध के दौरान चला देगा। खैर अब चल गया है तो दाम नरेन्द्र तोमर को देना ही पड़ेगा। पर क्या ये भी आनंदीबेन की तरह अपने मुखिया को यह कह सकेंगे की मेरे पलटवार हो तो तब कोई समझौता या बीच बचाव करने नहीं आए! अभी तो इन्हें और उन्हें जिन्होंने वीडियो युद्ध छेड़ा है, आगामी 3 दिसंबर के नतीजे देखना है। नतीजे दोनों में से जिसके भी अनुकूल होंगे, वह अपने प्रतिद्वंद्वी को जमींदोज कर देगा। ऐसा अनुमान इसलिए लगाया जा रहा है क्योंकि प्रतिस्पर्धा सार्वजनिक और मुखर हो गई है। भले ही खेलने वाले खिलाड़ी अदृश्य उपस्थिति दे रहे हो!

इस वीडियो के सार्वजनिक होने के पहले तक नरोत्तम मिश्रा भी एक छोर संभाले अवसर का इंतजार कर रहे थे। किस्मत वाले निकले कि कुछ भी करना नहीं पड़ा और दोनों छोर का आपसी शीत युद्ध रौद्र आकार लेने लग गया है। इतना कि अब कोई बीच बचाओ और समझौता नहीं होगा और इसी का फायदा उठाने के प्रयास करते नजर आए। भाजपा की राजनीति में अधिकार और संपन्नता पाने की होड़ में यह देखना होगा कि पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती किसका साथ देती है। क्योंकि, भाजपा के लालची लड़ाको के बीच उमा भारती आज भी पावर और संपन्नता के पैमाने से बाहर रहकर भी अपनी सांगठनिक दक्षता के साथ प्रादेशिक नेता की निर्विवाद छवि कायम रखे हुए हैं। अत: जिसे साथ देंगी वह प्रदेश की भावी राजनीति में भाजपा नेतृत्व पा सकेगा।



## दो दिसम्बर को मनाया जाएगा भगवान श्री पशुपतिनाथ का 63वां प्रतिष्ठा महोत्सव

**मंदसौर, 29 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** विश्व प्रसिद्ध अष्टमुखी भगवान श्री पशुपतिनाथ का 63वां प्रतिष्ठा महोत्सव प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मार्गशीर्ष (अगहन) मास कृष्ण पक्ष की पंचमी 2 दिसम्बर शनिवार को श्री पशुपतिनाथ मंदिर पुजारी परिवार द्वारा भव्यतार्पूक मनाया जावेगा।

पुजारी श्री राकेश भट्ट द्वारा उक्त जानकारी देते हुए बताया कि उक्त दिनांक को प्रात: 7.30 बजे 51 विपृवृन्द द्वारा भगवान श्री पशुपतिनाथ का महारूद्राभिषेक किया जावेगा। सायं 5 बजे से भगवान पशुपतिनाथ का नयनाभिराम आकर्षक श्रृंगार के दर्शन महाआरती, 2100 लड्डूओं का महाभोग, चारों मुखों का विविध दर्शन, भव्य आतिशबाजी, विशेष कलाकारों द्वारा धार्मिक शिवनाद प्रस्तुति आदि आध्यात्मिक आयोजन पश्चात् प्रसाद वितरण होगा। सभी श्रद्धालु शिवभक्तों से अधिक से अधिक संख्या में महोत्सव में सम्मिलित होकर धर्मलाभ लेने का अनुरोध किया गया है।

# मतगणना के दिन जैन कॉलेज व लॉ कॉलेज में रहेगी पार्किंग व्यवस्था, बैठक संपन्न

**मंदसौर, 29 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** सुशासन भवन स्थित सभाकक्ष में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया, अपर कलेक्टडर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विशाल सिंह चौहान उपस्थित थे। बैठक के दौरान सभी राजनीतिक दलों से चर्चा की गई।



चर्चा के दौरान बताया कि मतगणना शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर में प्रथक प्रथक 8 कक्ष में 3 दिसंबर को प्रात: 8 बजे से प्रारंभ होगी। मतगणना हेतु सलंग्न गणन अभिकर्ताओं, निर्वाचन अभिकर्ताओं के मोबाइल प्रथम सुरक्षा घेरे के बाहर ( श्री कोल्ड चौराहे मंदसौर एवं जैन कॉलेज मंदसौर) में जमा करवाने हेतु सशुल्क व्यवस्था की जाएगी। मतगणना के दिन जैन कॉलेज एवं लॉ कॉलेज में पार्किंग व्युवस्थाह रहेगी। उम्मीदवार व मुख्य अभिकर्ता के फोन के लिए प्रवेश द्वार के पास मोबाइल रखे जाने हेतु कम्युनिकेशन रूम की व्यवस्था कि गई है। इसी परिसर में प्रत्येक विधानसभा कि लिए दो-दो रूम के मान से कुल 8 स्ट्रांग रूम बनाए गए हैं। जिन में मतदान उपरांत ईवीएम को रखा गया है। यह स्ट्रांग रूम 3 दिसंबर को प्रात: 7 बजे अभ्यर्थियों तथा प्रेक्षक महोदय की उपस्थिति में खोले जाएंगे। प्रत्येक मतगणना कक्ष में ईवीएम के मतों की गणना हेतु साथ-साथ टेबल रखी गई है। एक कक्ष में रिटर्निंग अधिकारी तथा दूसरे कक्ष में सहायक रिटर्निंग अधिकारी व्यवस्थाएं देखेंगे। रिटर्निंग अधिकारी की कक्ष में एक टेबल पर डाक मतपत्र तथा ईटीपीबीएस मत पत्रों की गणना होगी। मतगणना परिसर में प्रवेश हेतु श्री कोल्ड चौराहे से परिवर्तित मार्ग पर वाहनों का प्रवेश रहेगा। यहां से पैदल होते हुए मतगणना स्थल पर अभ्यर्थी निर्वाचन अभिकर्ता पहुंचेंगे। मतगणना स्थल पर मोबाइल पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा। संपूर्ण मतगणना परिसर की सीसीटीवी तथा वीडियोग्राफी के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी। मतगणना समाप्ति एवं परिणामों की घोषणा उपरांत शासकीय महाविद्यालय मंदसौर के परिसर से बाहर एवं संबंधित विधानसभा मुख्यालय एवं क्षेत्र में राजनैतिक दलों द्वारा निकाले जाने वाले जुलूस हेतु एसडीएम से अनुमति ली जाना अनिवार्य होगी।



# भगवान की प्रत्येक लीला मनुष्य के हित में ही होती है-भागवतानन्दजी

## श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ महोत्सव संपन्न

**मंदसौर, 29 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** श्री रामानुज कोट खानपुरा में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का समापन हुआ। निग्रह आचार्य श्री भागवत आनंद गुरुजी ने समापन दिवस व्यास पीठ से श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान की प्रत्येक लीला में मनुष्य का हित निहित रहता है। कई बार ऐसा अनुभव किया जाता है कि हमारे साथ कुछ अच्छा नहीं हो रहा लेकिन वह होना ही किसी भावी अनहोनी से भगवान द्वारा हमें बचाया जाना है। यानी मनुष्य के जीवन में सुख दुख आनंद ये सब अनुभूति ईश्वर की इच्छा पर निर्भर करती है। आपने कहा कि महाभारत के युद्ध के समय दुर्योधन और अर्जुन दोनों ही भगवान कृष्ण के पास मदद मांगने गए कृष्ण ने दोनों के समक्ष यह प्रस्ताव रखा कि युद्ध में कोई भी एक पक्ष मेरी सेना मांग ले और दूसरा स्वयं मुझे किंतु मैं युद्ध नहीं करूंगा सारथी रहूंगा।भगवान श्री कृष्ण के इस प्रस्ताव पर दुर्बुद्धि दुर्योधन ने तत्काल सेना मांग ली जबकि अर्जुन ने विवेकपूर्ण बुद्धि से भगवान को मांगा यही अंतर होता है दृष्टिकोण का। आपने कहा कि दरिद्र वह होता है जो संतोषी नहीं होता। अति महत्वाकांक्षा का पूरा न होना भी दरिद्रता का ही एक लक्षण माना जाता है। निग्रहाचार्य जी ने कहा कि हमारे द्वारा किया गया दान पुण्य परलोक में हमारे पूर्वजों को शांति प्रदान करता है। आपने अगले वर्ष मंदसौर रामानुज कोट मंदिर परिसर में ही कथा प्रवचन करने का संकल्प व्यक्त किया। कथा विश्रांति के समय मंच पर प्रसिद्ध गौ कथाकार श्री दशरथानंदजी महाराज तथा कथा प्रवक्ता पं.दशरथ भाई शर्मा भी आसीन थे। इस अवसर पर व्यास सम्मान एवं पोथी पूजन श्री कृष्णचंद्र चिचानी,महेंद्र दुरग, बन्सीलाल टांक ,पं. देवेश्वर जोशी, राजकुमार चिचानी,सुरेश भावसार, घनश्याम भावसार,रमेश चंद्र चन्द्रे बिंदु चंद्रे, कांता भावसार, फुलकुंवर भावसार, दामोदर कालानी, मनोज मंडोवरा,दिनेश खत्री, पं. तुषार शर्मा पं.पंकज पंचोली ब्रजेश जोशी,सचिन पारिख पं.अरुण शर्मा,संध्या शर्मा आदि ने किया। संचालन ब्रजेश जोशी ने किया आभार कृष्णचंद चिचानी ने माना। उक्त जानकारी समिति प्रक्ता सुरेश भावसार ने दी।

## 10 मई को पिपलिया में होगा माली समाज का सामूहिक विवाह

**पिपलियामंडी, 29 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** फूल माली चोखरा पंचायत का 16 वां सामूहिक विवाह सम्मेलन 10 मई 2024 को टीलाखेड़ा, पिपलियामंडी में होगा। बुधवार को टीलखेड़ा स्थित गणेशजी व राधाकृष्ण मंदिर पर पूजा-अर्चना के बाद विवाह सम्मेलन के पर्चे का वितरण किया। इस अवसर पर चोखरा पंचायत अध्यक्ष मुकेश जादव, मूलचन्द जादव, सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति अध्यक्ष भूपेन्द्र महावर, सचिव देवानन्द उणियारा, कोषाध्यक्ष महेश देवडा, सचिव गोवर्धन दय्या, उपाध्यक्ष वरदीचन्द राठौर, दिलीप देवडा, देवेन्द उनियारा, विजय सोलंकी, जितेन्द्र उनिराया, दिनेश दायम, श्यामलाल उनियारा, किशोर महावर, मनोहर जादव आदि समाजजनों ने झारड़ा, अरनिया माली, मनासा, भाटखेड़ी, जन्नोद, रामपुरा आदि जगह पहुंचकर पर्चों र्का वितरण कर समाजजनों से चर्चा की।



# राहुल द्रविड़ बने रहेंगे हेड कोच, टीम इंडिया के सपोर्ट स्टाफ पर लिया अंतिम फैसला

**नई दिल्ली, 29 नवम्बर।** भारत के हेड कोच को लेकर बीसीसीआई ने बड़ा ऐलान कर दिया है। भारत के हेड कोच राहुल द्रविड़ ही बने रहेंगे। राहुल द्रविड़ का कार्यकाल आईसीसी विश्व कप 2023 खत्म होते ही समाप्त हो गया था, लेकिन अब बीसीसीआई ने उनका कार्यकाल और तमाम स्टाफ मेंबर्स का कार्यकाल बढाने का फैसला किया है। ऐसे में अब राहुल द्रविड़ ही भारत के कोच रहेंगे। कयास लगाए जा रहे थे कि वीवीएस लक्ष्मण को यह जिम्मेदारी सौंपी जाएगी, लेकिन बीसीसीआई ने फिर से राहुल को ही कोच की जिम्मेदारी सौंपी है।

**हेड कोच और स्टाफ मेंबर्स का कार्यकाल बढ़ाया**-भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और टीम इंडिया के सहयोगी स्टाफ के लिए एग्रीमेंट के विस्तार की घोषणा की। क्रिकेट बोर्ड ने भारतीय टीम को तैयार करने में द्रविड़ की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया है और उनकी असाधारण व्यावसायिकता की सराहना की है। बोर्ड एनसीए के प्रमुख और स्टैंड-इन हेड कोच के रूप में उनकी अनुकरणीय भूमिकाओं के लिए वीवीएस लक्ष्मण की भी सराहना की हें।

**बीसीसीआई ने की राहुल द्रविड़ की तारीफ**-बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने कहा कि राहुल द्रविड़ की दूरदर्शिता, व्यावसायिकता और कठोर प्रयास के कारण टीम इंडिया सफलता के दिशा तीव्र गति से आगे बढ़ रही है। उन्होंने राहुल द्रविड़ को लेकर कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के रूप में आप हमेशा अत्यधिक जांच के दायरे में रहते हैं और मैं इसका विस्तार करता हूं। न केवल चुनौतियों को स्वीकार करने के लिए, बल्कि उनमें आगे बढने के लिए भी राहुल द्रविड़ की सराहना की जाती है। भारतीय टीम का प्रदर्शन उनके रणनीतिक मार्गदर्शन का सबूत है। बीसीसीआई अध्यक्ष ने आगे कहा कि मुझे खुशी है कि उन्होंने मुख्य कोच बने रहने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया और यह आपसी सम्मान की बात करता है। मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि उनके नेतृत्व में, टीम सफलता के शिखर तक अपनी यात्रा जारी रखेगी और रास्ते में नए मानक स्थापित करेगी।

## नेशनल लोक अदालत 9 दिसम्बर के संबंध में बैठक सम्पन्न

**नीमच, 29 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली। एवं म.प्र.राज्या विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार नीमच जिले में 9 दिसम्ब र 2023 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उक्त लोक अदालत के माध्यम से बैंक, नगरपालिका, बीएसएनएल एवं विद्युत विभाग के बकाया राशि वसूली के प्रीलिटिगेशन स्तर के प्रकरणों का भी अधिकाधिक संख्या में निराकरण किया जाना है। इसके लिए गत दिवस मंगलवार को सचिव जिला प्राधिकरण श्री विजय कुमार सोनकर द्वारा जिले के विभिन्न विभागों के सक्षम अधिकारीगण के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों अधिकारीगण को प्रीलिटिगेशन स्तर के अधिकाधिक संख्या में प्रकरण निराकरण के लिए लोक अदालत में रखे जाने तथा संबंधित पक्षकारों को एक सप्ताह के भीतर सूचना पत्र अनिवार्यत:प्रेषित करने संबंधी आवश्यक कार्यवाही करने, अपने उच्च विभाग से सम्पर्क कर, अधिकाधिक संख्या में राशि वसूली के प्रकरणों का निराकरण कर, आवश्यक कार्यवाही करने तथा संबंधित विभागों द्वारा दी जाने वाली छूट के संबंध में अधिकाधिक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री हर्षित बिसेन सहित शासन के विभिन्न विभागो के अधिकारीगण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है, कि 9 दिसम्बर शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला मुख्यालय नीमच सहित तहसील मुख्यालयों मनासा, जावद एवं रामपुरा में भी किया जायेगा।



# भूतपूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए सभी संस्थाऐं आर्थिक सहयोग करें-जैन

## कलेक्टर ने की सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर सभी से मुक्तहस्त से सहयोग की अपील

**नीमच, 29 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** सशस्त्र सेना झंडा दिवस हर वर्ष 7 दिसम्बर को मनाया जाता है। यह दिवस भारतीय सेना के तीनों अंगों के ऐसे वीर जवानों के सहायतार्थ मनाया जाता है, जो देश की एकता, अखंडता की रक्षा एवं सीमाओं की सुरक्षा करते हुए शहीद हो गए या सदा के लिए अपंग हो गए। इन वीर जाबांज जवानों की कुर्बानी को याद करने के लिए राष्ट्र व्दारा हर वर्ष 7 दिसम्बर को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस प्रतीक स्परूप वाहन और टोकन ध्वज वितरण कर मनाया जाता है और प्रतिकात्मक ध्वजों के वितरण के दौरान स्वैच्छा से दी गई दान राशि एकत्रित की जाती है। इस निधि से प्राप्तम दान राशि का इस्तेंमाल इन वीर सैनिकों के आश्रितों, विकलांग सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों के पूनर्वास तथा कल्याणार्थ किया जाता है। इसके अलावा एकत्रित की गई राशि कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने भूतपूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर जिले के नागरिकों, स्वयं सेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों की बैठक में बुधवार को सभी से मुक्त हस्त से अधिकाधिक आर्थिक सहयोग करने की अपील की है। कलेक्टर श्री जैन ने जारी अपील में कहा है, कि जिले के सभी विभागाध्यक्षो, शासकीय व गैर शासकीय संस्थाओं, सामाजिक संस्थाओं से आग्रह है कि इस निधि में अधिक से अधिक राशि दान एकत्र कर देश के वीर सैनिकों का सम्मान करने का सौभाग्य प्राप्ति करें। कलेक्टर श्री जैन ने अपील की है, कि इस निधि की संग्रहित दान राशि सीधे जिला सैनिक कल्याण कार्यालय व्दारा नियंत्रित खाता क्रमांक 10752354110, Amalgamated Special Fund for Rehabilitation and Re-construction of ESM of MP, State Bank of India, Main Branch, Mandsaur, IFSC Code SBIN0000422 में चेक, ड्राफ्ट, नेफ्ट से या सीधे बैंक, जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में नगद जमा कर सकते है। सशस्त्र सेना झंडा दिवस में दान की गई राशि पर, आयकर अधिनियम 1961 की धारा 297(2) (के) के अंतर्गत आयकर से छूट का भी प्रावधान है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, संयुक्त कलेक्टर श्री राजेश शाह, डिप्टी कलेक्टर सुश्री किरण आंजना तथा विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## 10 किलो डोडाचूरा में 2 धराए

**पिपलियामंडी, 29 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** मुखबिर की सूचना पर मल्हारगढ़ पुलिस ने खेरखेड़ा फन्टे पर ट्रक में एक कट्टे में रखा 10 किलोग्राम पीसा हुआ डोडाचूरा पकडा। इस मामले में पुलिस ने ट्रक में सवार थोबा (अमरदास, अमृतसर, पंजाब) निवासी दिलबाग पिता गजनसिंह जाट, व सरहिन्दा (पंजाब) निवासी राजवीर पिता जोगेन्द्रसिंह जाट को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज किया।



# मतगणना कर्मियों को दिया प्रशिक्षण

**मंदसौर, 29 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** आगामी 03 दिसम्बर 2023 को विधानसभा निर्वाचन 2023 की मतगणना के कुशलतापूर्वक संपादन हेतु जिले के कुशाभाऊठाकरे सभा कक्ष में मास्टर ट्रेनर डॉ. जे के जैन एवं उनके सहायक टीम द्वारा मतगणना के लिए लगे अधिकारी एवं कर्मचारियों को द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में डाक मतपत्र की मतगणना किस प्रकार की जाना है, उसकी संपूर्ण प्रक्रिया एवं बारीकियां के बारे में प्रशिक्षार्थियों को अवगत कराया गया। डाक मतपत्र मतगणना संबंध में समीक्षा व विधिमान्य किए जाने वाले मतपत्र के बारे में बताया गया।

मास्टर ट्रेनर द्वारा नियंत्रण यूनिट/ कंट्रोल यूनिट के मतगणना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुवे उसे खोलना, उस पर लगे नंबरों का मिलान कैसे करना, सिलो की जांच करना व मतगणना संबंधी जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर द्वारा मतगणना के दौरान किस प्रारूप में आवश्यक प्रतिपूर्ति की जानी है के बारे में बताया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विहित नियमों का पालन करते हुए मतगणना कार्य संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक बिन्दुओं की विस्तार से जानकारी दी गई। मतगणना के दौरान किए जाने वाले दायित्वों की जानकारी दी। इसके साथ ही मतगणना के संबंध में प्रमुख वैधानिक प्रावधानों, नियमों तथा मतगणना के दौरान कौन-कौन सी जरूरी सावधानी बरती जानी है इसकी जानकारी से मतगणना कर्मियों को अवगत कराया गया।

## अवैध शराब जब्त

**पिपलियामंडी, 29 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने अवैध शराब सहित आरोपियों को पकड़ा। मल्हारगढ़ पुलिस ने 10 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब के साथ सूठोद निवासी करणसिंह पिता शांतिलाल को, झारड़ा चोकी पुलिस ने 18 क्वार्टर के साथ कित्तुखेडी निवासी नागूलाल पिता सुखलाल को पकड़ा। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट में केस दर्ज किया।

## आयोग की वेबसाइट और वोटर हेल्पलाइन एप पर देखे जा सकेंगे विधानसभा निर्वाचन के परिणाम

**मंदसौर, 29 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिए दिनांक 17 नवम्बर को हुए मतदान की 3 दिसंबर को मतगणना होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया 3 दिसम्बर 2023 को प्रात: 8 बजे से प्रदेश के 52 जिला मुख्यालयों में स्थापित मतगणना केन्द्रों में मतों की गिनती प्रारंभ होगी। मतगणना के राउन्ड-वाइज परिणाम प्रदर्शित किये जाएंगे। सर्वप्रथम प्रात: 8 बजे से पोस्टल बैलेट की गणना प्रारंभ होगी। इसके आधे घंटे बाद 8.30 बजे ईवीएम में दर्ज मतों की गणना प्रारंभ होगी। पोस्टल बैलेट की गणना समाप्त होने के तत्काल बाद प्रत्येक उम्मीदवार को मिले डाक मत पत्रों की घोषणा की जाएगी। विधानसभा निर्वाचन-2023 की मतगणना के परिणाम भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट https://results.eci.gov.in और वोटर हेल्पलाइन एप (VHA) पर देखे जा सकेंगे। वोटर हेल्पलाइन एप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करना होगा। इसके अलावा https://ceomadhyapradesh.nic.in पर भी मतगणना के परिणाम प्रदर्शित किये जाएंगे।


**✽ उठावना ✽**

मेरे पूज्य काका श्री पुष्कर लाल जी नकुम का स्वर्गवास दिनांक 28/11/2023 को हो गया था। जिनका उठवाना 30/11/2023 वार गुरुवार को शाम 4 बजे मेरे निजी निवास 82, चौधरी कॉलोनी मंदसौर में रखा गया हैं।

✽✽✽ शोकाकुल ✽✽✽
डॉ. अनिल कुमार नकुम
82, चौधरी कॉलोनी मंदसौर

**✽ उठावना ✽**

श्रीमती विमलादेवी पोरस का दु:खद देहावसान दिनांक 28 नवम्बर 2023, मंगलवार को हो गया है। जिनका उठावना आज दिनांक 30 नवंबर 2023, गुरुवार को दोपहर 2 बजे निज निवास तेजाजी मंदिर के पास, बालागंज, मंदसौर पर रखा गया है।



✽✽✽ शोकाकुल ✽✽✽
राजकुमार, जितेंद्र, रोमी व जय पोरस एवं समस्त पोरस परिवार
मंदसौर


# आय से अधिक संपत्ति मामले में पटवारी को चार साल की सजा, 26.50 लाख रुपये का जुर्माना

**उज्जैन, 29 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** आय से अधिक संपत्ति के 11 साल पुराने मामले में बुधवार को कोर्ट ने पटवारी को चार साल की सजा व 26.50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। पटवारी के पास लोकायुक्त के छापे के दौरान एक करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति मिली थी, जबकि उसका कुल वेतन करीब 15 लाख रुपये था। करीब 84 लाख रुपये की अनुपातहीन संपत्ति मामले में कोर्ट ने सजा सुनाई है।

जिले के तराना में पदस्थ पटवारी बाबूलाल गोमर के इंदिरा नगर स्थित घर पर लोकायुक्त ने मार्च 2012 में आय से अधिक संपत्ति के मामले में छापा मारा था। छापे के दौरान लोकायुक्त को पटवारी के यहां 8.66 लाख् रुपये के सोने-चांदी के जेवरात, 35 बीघा कृषि भूमि, तीन दोपहिया वाहन सहित 1.01 करोड़ रुपये की संपत्ति के बारे में जानकारी मिली थी। वहीं, पटवारी की कुल आय करीब 15 लाख रुपये थी। करीब 84 लाख रुपये की अनुपातहीन संपत्ति पाई गई थी। 11 साल कोर्ट में चले मामले के बाद बुधवार को विशेष न्यायालय इंदौर के पीठासीन अधिकारी विशेष न्यायाधीश ओमप्रकाश रजक की कोर्ट ने पटवारी को चार साल कैद व 26.50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

**पड़ोसी के यहां रखे थे जेवरात व कागजात**-पटवारी बाबूलाल ने लोकायुक्त से बचने के लिए छापे से करीब एक माह पूर्व ही अपने पड़ोसी रामचंद्र के यहां पांच लाख रुपये कीमत के जेवरात, जमीन के कागजात रखे थे। रामचंद्र के यहां चोरी हो गई थी। इसमें चोर सारा सामान चुरा ले गए थे। बाद में पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार कर माल बरामद कर लिया था। उस दौरान खुलासा हुआ था कि पटवारी ने पड़ोसी के यहां जेवरात व कागजात रखे थे। इसके बाद से ही लोकायुक्त पटवारी की जांच कर रही थी। पुख्ता सबूत के बाद पटवारी के घर छापा मारा गया था।


**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम**
**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी रामटेकरी मंदसौर स्थित सोसायटी भूखंड क्रमांक 153 जो की श्री रामनारायण कुमावत पिता श्री बगदीराम कुमावत को आवंटित किया गया था। उक्त भूखंड का पट्टाभिलेख दिनांक 26.08.1978 को उप पंजीयक कार्यालय मंदसौर में निष्पादित किया गया था।

श्री रामनारायण कुमावत पिता श्री बगदीराम कुमावत द्वारा उक्त भूखंड का विक्रय पत्र दिनांक 21.07.2023 को श्रीमति रश्मि जैन पति श्री जितेन्द्र जैन के नाम उप पंजीयक कार्यालय में निष्पादित करवा दिया था। प्रस्तुत दस्तावेजो एवं विक्रय पत्र के आधार पर उक्त भूखंड का नामांतरण श्रीमति रश्मि जैन पति श्री जितेन्द्र जैन अपने नाम करवाना चाहती है।

अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर रामटेकरी मंदसौर स्थित सोसायटी भूखंड क्रमांक 153 का नामान्तरण श्रीमति रश्मि जैन पति श्री जितेन्द्र जैन के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग-रतलाम (मप्र)**

**N OTICE**

I "MURTAJA ALI" Resident of House No.-C-1, Burhani Nagar Mandsaur (M.P.) Have Changed My Name To "MURTAJA KULKA" For All Future Purposes.

Sincerely
MURTAJA KULKA
S/o ABDUL HUSAIN
C-1, Burhani Nagar Mandsaur (M.P.) - 458001

**N OTICE**

I "MALEKA" Resident of House No.-C-1, Burhani Nagar Mandsaur (M.P.) Have Changed My Name To "MALEKA KULKA" For All Future Purposes.

Sincerely
MALEKA KULKA
W/o MURTAJA KULKA
C-1, Burhani Nagar Mandsaur (M.P.) - 458001


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्डिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in